## एक नजर में

### कोबरा - नेवले की लड़ाई में कोबरा हुआ घायल

**सिवनीमालवा** नगर में इंडियन स्पेक्टाकल कोबरा का पशु चिकित्सालय में उपचार किया गया। सर्पमित्र कालू लोधी ने एक घायल सर्प को लाया गया था जिसका उपचार किया गया और घायल सर्प को पांच टाके लगे। कालू लोधी ने बताया कि नेवले और कोबरा सांप का आमना-सामना हुआ और दोनों में लड़ाई हो गई जिसमें सर्प कोबरा घायल हो गया। कोबरा को पशु चिकित्सा लाया गया जहां सहायक चिकित्सक गोविंद सराठे ने घायल सांप का इलाज किया। कोबरा बुरी तरह से घायल था जिसे उपचार के दौरान पांच टाके लगाए गए एवं इंजेक्शन भी लगाया उसके बाद सुरक्षित स्थान पर छोडा गया।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित

**पिपरिया** नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं मे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा आयोजित की गई। विकासखंड स्तर पर केन्द्रों में शासकीय कन्या उ.मा.वि.में 336 ,नवचेतना उ.मा.वि. में 330 छात्र परीक्षा हेतु आवंटित थे। नवचेतना के प्राचार्य योगेन्द्र पुर्विया ने बताया कि उनके विद्यालय मे 330 में 287 विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र का संचालन शासकीय उ.मा.वि.खापरखेडा प्राचार्य यमुना गुप्ता द्वारा किया गया।


# उद्योगों की प्रगति से नर्मदापुरम की होगी पहचान



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम. 14,दिसम्बर** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मध्य प्रदेश और नर्मदापुरम जिले में हुई विकास गतिविधियों, निवेश एवं कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां की जानकारी जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओ से साझा की। रविवार को कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने राज्य सरकार की उपलब्धियां की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में राज्य ने निवेश आकर्षित करने इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश में निवेश लाने के प्रयासों में मध्य प्रदेश पूरे देश में तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा निवेश लाने के लिए विदेश यात्राएं भी की गई है जिससे आपार निवेश मध्य प्रदेश में आया है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब कल्याण की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों तक सहायता पहुंचा रही है। महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना में वित्तीय सहायता बढ़ाकर 1500 कर दी गई है। सड़क, भवन और अन्य निर्माण कार्यों में लगातार सुधार हुआ है। और राज्य सरकार राज्य को नक्सली मुक्त बना चुकी है। सरकार अब विरासत और विकास के विजन के साथ आगे बढ़ रही है।

### मैं शराब पीता नहीं - राकेश सिंह



पत्रकारवार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि 2016 में पवित्र स्थल नर्मदापुरम में शराब बंदी के चलते यहां भी शराब की बिक्री 5 किलोमीटर तक बंद हो गई थी. आज भी बंद है. लेकिन अवैध रूप से बिकने वाली शराब के कारण शासन को राजस्व की हानि हो रही है. श्री सिंह ने इसके उत्तर में जबाव देते हुए कहा कि मैं शराब पीता नहीं, इसलिये मैं आबकारी विभाग की जानकारी लेकर ही बता पाउंगा.

### प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर नवीन विश्राम गृह का किया लोकार्पण

**इटारसी.** 14 दिसम्बर इटारसी में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित नवीन विश्रामगृह का लोकार्पण किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार 14 दिसंबर को इसका उद्घाटन किया। इटारसी रेलवे का एक प्रमुख जंक्शन है, जहां मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों का लगातार आवागमन होता है। इसी आवश्यकता को देखते हुए इस आधुनिक सुविधाओं से युक्त विश्रामगृह का निर्माण कराया गया है। लोकार्पण समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा और प्रेमशंकर वर्मा उपस्थित रहे। इनके साथ ही भाजपा के वरिष्ठ-कनिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और कई अधिकारी भी मौजूद थे। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, विश्रामगृह निर्माण कार्य को 26 दिसंबर 2022 को 181.03 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। इसकी अनुमानित लागत 128.74 लाख रुपए थी। 441.60 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले इस भवन का निर्माण कार्य 17 जून 2023 को शुरू हुआ था और इसे 5 अप्रैल 2025 को पूर्ण किया गया। नए विश्रामगृह में दो वीआईपी कक्ष, दो विश्राम कक्ष, एक किचन, डाइनिंग हॉल, सर्वेंट कक्ष, मीटिंग हॉल और वेटिंग हॉल जैसी सुविधाएं हैं। आगंतुकों के लिए दो शौचालय और दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु रैम्प भी बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इटारसी पुलिस ने रेलवे स्टेशन से सूरजगंज जाने वाली सड़क और ऑडिटोरियम के सामने की सड़क पर बैरिकेडिंग कर यातायात को नियंत्रित किया। मंत्री के आवागमन के दौरान सड़कों को खाली कराया गया। मंत्री राकेश सिंह कार्यक्रम स्थल पर लगभग डेढ़ घंटे की देरी से पहुंचे। फीता काटकर विश्रामगृह का लोकार्पण करने के बाद उन्होंने सभा को संबोधित किया।

# खिलाड़ी देश की धरोहर-सिंह



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 14 दिसम्बर** खेल प्रेमियों के लंबे इंतजार के बाद मिनी गांधी स्टेडियम में अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हो गया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार को नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उद्घाटन समारोह में तकनीकी समिति के सदस्य दीप सिंह ठाकुर, जयसिंह भदौरिया, अखिल दीप जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयकिशोर चौधरी ने किया। प्रतियोगिता के दूसरे मैच के दौरान मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विधायक डॉ. सीतारसन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया,आदि अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। राकेश सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी देश की धरोहर हैं और उनसे बड़ी आशाएं जुड़ी होती हैं। खेल भावना का जीवन में बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि हार-जीत चलती रहती है, लेकिन खेल जीवन में आने वाली चुनौतियों से लड़ने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं दी.

# विहिप की भव्य शौर्य वाहन रैली, गूंजे जयश्री राम के नारे

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा बनखेड़ी नगर में भव्य शौर्य यात्रा वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ स्टेशन हनुमान मंदिर से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शंकर चौराहा पहुंची तथा राम जानकी पंचायती मंदिर में समापन हुआ।

रैली के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला। जय जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री महेंद्र साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की शक्ति, एकजुटता तथा बाबरी विध्वंस के ऐतिहासिक तथ्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला संयोजक रोहित ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष शेर सिंह रघुवंशी, एवं जिला सह गौ रक्षा प्रमुख जितेंद्र भार्गव ने गौ संवर्धन एवं गौ रक्षा के महत्व पर विचार रखे। राम जानकी मंदिर के पुजारी एवं अखिल भारतीय कथावाचक पं. प्रदीप कृष्ण शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को बचपन से ही संस्कारवान बनाना आवश्यक है तथा सप्ताह में कम से कम एक बार मंदिर दर्शन की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक हम अपने बच्चों को संस्कार नहीं देंगे, तब तक वे सही दिशा में नहीं बढ़ पाएंगे। साथ ही उन्होंने जाति-विभाजन से ऊपर उठकर केवल मैं हिंदू हूं के भाव से कार्य करने का आह्वान किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष ध्रुव कुमार उरहा ने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आतंकवाद, हिंदू कन्याओं के अपहरण एवं धर्मांतरण जैसी घटनाओं को गंभीर षड्यंत्र बताया।

## असामाजिक तत्वों को संदेश देने फ्लैग मार्च

**हरदा** शहर में पुलिस की उपस्थिति को प्रभावी बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से हरदा में प्रशासन एवं पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक शशांक द्वारा किया गया, एवं जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की गरिमामयी उपस्थिति ने प्रशासनिक समन्वय को सशक्त किया। फ्लैग मार्च में जिला प्रशासन एवं पुलिस के समन्वय के तहत जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, सभी थानों के थाना प्रभारी तथा पुलिस अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित रहे।

# नप उपाध्यक्ष श्री बुच ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सिराली।** नगर परिषद सिराली के उपाध्यक्ष श्याम बुचा ने नगर में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयंत वर्मा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उपाध्यक्ष श्याम बुचा ने नगरवासियों से जुड़े अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए नगर परिषद प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया और समस्याओं के शीघ्र व प्रभावी समाधान की मांग की। उपाध्यक्ष श्याम बुचा ने ज्ञापन में सबसे पहले नगर में हाल ही में की गई टैक्स वृद्धि का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त जनसुनवाई और जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श के टैक्स में की गई बढ़ोतरी से आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। विशेषकर मध्यम वर्ग और कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए यह टैक्स देना कठिन हो रहा है। उन्होंने मांग की कि टैक्स वृद्धि पर पुनः विचार कर इसे जनहित में युक्तिसंगत बनाया जाए। ज्ञापन में नगर में लंबे समय से अधूरे पड़े विकास कार्यों को भी प्रमुखता से रखा गया। उपाध्यक्ष श्याम बुचा ने बताया कि कई स्थानों पर सड़क, नाली, भवन एवं अन्य निर्माण कार्य अधर में लटके हुए हैं, जिससे आमजन को आवागमन, स्वच्छता और सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में अधूरे निर्माण कार्य दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। उन्होंने सभी लंबित कार्यों की सूची तैयार कर समय-सीमा निर्धारित करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय करने की मांग की।निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी उपाध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि नगर में चल रहे कई निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे शासकीय धन की बर्बादी हो रही है.

## 51 कुंडीय यज्ञ का आयोजन

**हरदा,** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर नारी सशक्तिकरण वर्ष 2025 - 26 के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ हरदा में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन दिनांक 16 दिसंबर से 19 दिसंबर तक 2025 तक आयोजित होना सुनिश्चित है। इसी तारतम्य में रविवार को व्यापक प्रचार प्रसार एवं संस्कृति उत्थान, पर्यावरण संरक्षण, आत्मकल्याण , जनकल्याण,संस्कारों की परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जनता को आमंत्रित करने हेतु एक विशाल वाहन रैली निकाली.

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबाल प्रतियोगिता में पिपरिया टीम ने नर्मदापुरम को हराया

**पिपरिया** शासकीय आरएनए उत्कृष्ट मैदान पर राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस रोमांचक मैच खेले गये। शासकीय आरएनए उत्कृष्ट मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता में पिपरिया ट्राफी हासिल करने के लिये पहला मैच नर्मदापुरम की नर्मदा एकेडमी और पिपरिया ए के बीच खेला गया जिसमें पिपरिया के खिलाडियो का दबदबा बना रहा। शानदार प्रदर्शन के दम पर पिपरिया ने 1-0 से नर्मदापुरम को हराकर अगल दौर में प्रवेश किया। दोपहर में दूसरा मैच जागृति इटारसी और सोहागपुर के बीच खेला गया इस मैच में पूरे समय इटारसी के खिलाडियो का दबदबा रहा शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इटारसी ने सोहागपुर को 3-0 से हराया। प्रतियोगिता आयोजन अध्यक्ष सूरज राजपूत,कोषाध्यक्ष शिवम पुर्विया ने बताया कि पहले मैच में गौरव मल्ल,नमन सोनी अतिथि रहे वही दूसरे मैच में राजेश सोनी,हर्ष भट्टर,श्रीगोपाल गांगूडा, अभिषेक श्रोती मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थे।

### निजी वाहनों के खड़े होने के कारण साफ सफाई नहीं हो रही

**सिवनी मालवा** सिवनी मालवा कि उपनगरी बानापुरा के शासकीय विश्राम गृह में विगत कई वर्षों से अवैध निजी वाहन खड़े हो रहे हैं। निजी वाहन के खड़े होने के कारण मैदान में साफ सफाई नहीं होती है जिसके कारण गंदगी पसरी रहती है। निजी वाहन मालिक मैदान में अपने वाहन खड़े कर के चले जाते हैं। नागरिकों ने बताया कि वाहन मालिकों को निशुल्क वाहन खड़े करने का अच्छा साधन मिल गया है कई वाहन मालिक तो अपने वाहन को देखने भी नहीं आते। कई वर्षों से वाहन खड़े हैं जिसके कारण वाहनों के आस पास गंदगी होने के कारण बदबू आती है। प्रशासन के द्वारा इस और कोई ध्यान नही दिया जाता। जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि रेसटाहाऊस में प्रदेश, जिला, तहसील के बड़े बड़े अधिकारियों का आना जाना हमेशा लगा रहा है। पी डब्लू डी के जिला अधिकारियों का भी आना जाना लगा हुआ है लेकिन इस और किसी का भी ध्यान नहीं है वर्षों से खड़े वाहनों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### एलआईजी के शिव मंदिर में चल रही है श्री राम कथा

**हरदा**:- शहर के एलआईजी स्थित शिव मंदिर में चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन पंडित नंदलाल पांडे द्वारा गुरुदेव विश्वामित्र की यज्ञ रक्षा के उपरांत महाराज जनक के निमंत्रण पर माता सीता के विवाह के अवसर पर प्रभु श्री राम जनकपूर अपने भाई लक्ष्मण के साथ पहुंचे । महाराज जनक ने सीता के विवाह की प्रतिज्ञा सभासदों को सुनाई और कहां की जो भी भगवान शिव के धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ सीता का विवाह किया जाएगा ।सभा में आए राजा महाराजा धनुष तोड़ने का प्रयास करते है किंतु किसी से शिव धनुष नहीं टूटने पर राजा जनक कहते है कि सभी घर जाओ मुझे लगता है यह पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है लगता है सीता का विवाह होना ईश्वर ने लिखा ही नहीं ।उनके ऐसे वचन सुनकर लक्ष्मण जी क्रोधित हो जाते है और जनक जी से अपने वंश के बारे में बताते है की जब तक प्रभु श्री राम उपस्थित है आप ऐसा नहीं बोल सकते । गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान ने धनुष भंजन किया और सीता जी ने उन्हे वरमाला पहनाई ।

### प्रभारी मंत्री ने 19 करोड़ की लागत की तीन सड़कों का किया भूमि पूजन

नर्मदापुरम प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने रविवार को नर्मदापुरम जिले को तीन सड़कों की सौगात दी, उन्होंने 19 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाली तीन सड़कों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के 250 हितग्राहियों को एक एक लाख रुपए की आवास राशि की किश्त का भी वितरण किया ।रविवार को जनपद पंचायत नर्मदापुरम के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने डिवाइन सिटी से बड़ी पहाड़ियों की ओर जाने वाली सड़क का, नागपुर ओल्ड हाईवे 69 मार्ग से भोपाल तिराहे तक जाने वाले मार्ग एवं परामर्षी गार्डन से डोंगरवाडा ग्राम तक जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि विगत दो वर्ष में लोक निर्माण विभाग ने नर्मदापुरम जिले को 1100 करोड रुपए की राशि विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य के लिए प्रदान की है। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे बड़ा मार्ग नर्मदापुरम से टिमरनी मार्ग है जो 900 करोड रुपए से बनने जा रहा है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पूर्व वर्षों में सड़कों पर गडडे, अंधेरा हुआ करता था लेकिन आज स्थिति बेहतर से बेहतर हुई है। आज देश एवं प्रदेश में ऐसा नेतृत्व है जो विकास के कार्य करके जनता के सामने अपनी रिपोर्ट कार्ड रखता है। हम जनता के बीच अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हैं।

## मास्टर चंदर को समर्पित अदबी संगत 21 को

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 14 दिसम्बर** आगामी रविवार 21 दिसम्बर 2025 को सिन्धी साहित्य अकादमी - म.प्र. द्वारा पूज्य पंचायत सिन्धी समाज,इटारसी के सहयोग से सिन्धी अदबी संगत का आयोजन किया जा रहा है। कवि भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में रविवार शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित यह कार्यक्रम प्रख्यात सिन्धी रचनाकार व गायक मास्टर चन्दर को समर्पित होगा जिसमें युवा गायक अजय मोहन (बुरहानपुर) तथा जयकिशन तलरेजा (ग्वालियर) अपनी मधुर आवाज में मास्टर चन्दर की रचनाओं की सांगीतिक प्रस्तुति देंगे,इनके अलावा भोपाल की भारती ठक्कुर मास्टर चन्दर के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत करेंगी और उस व्याख्यान पर आधारित कुछ प्रश्न भी श्रोताओं से पूछेंगी जिनके सही उत्तर देने वालों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार दिए जाएंगे।

## जेल में बंद बंदियों को किया जागरूक

**हरदा** जिले की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था इंटेलेक्चुअल पब्लिक वेलफेयर एंड ट्रेनिंग फॉर आर्ट सोसायटी हरदा के कलाकारों द्वारा रविवार को बंदियों के बीच नशामुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया जिसमें शराब ओर अन्य मादक पदार्थों के सेवन से एक पूरे के पूरे परिवार का नुकसान होता हे, पूरे नाटक को बंदियों ने देखा और उससे सीख लेने के लिए शपथ ली.

# महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन 17 को

**नवभारत न्यूज**

**माखन नगर, 14 दिसम्बर** मध्य प्रदेश शासन रोजगार कार्यालय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल शिक्षा विभाग एवं श्री माखन लाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 दिसंबर 2025 दिन बुधवार को महाविद्यालय प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मध्य प्रदेश की नामी कंपनियां मौजूद रहेंगी। जिसमें महाविद्यालय विद्यार्थियों सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी छात्र छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे, महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर राजकुमार पटवा ने बताया कि रोजगार प्राप्त करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को सर्वप्रथम पंजीयन काउंटर पर अपना पंजीयन कराना होगा उसके बाद संबंधित कंपनियों के पास पहुंचकर कंपनी की संपूर्ण जानकारी ले सकते हैं।

स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रभारी डा क्षमा मेहरा ने बताया कि विगत वर्षों में भी रोजगार कार्यालय के सहयोग से महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें महाविद्यालय सहित आसपास के अनेक जरूरतमंदों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए।

## नर्मदापुरम पत्रकार संघ ने स्व.श्री प्रेमशंकर दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 14 दिसम्बर** नर्मदापुरम पत्रकार संघ ने श्री प्रेम शंकर दुबे को पत्रकार भवन में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह अवसर स्वर्गीय दुबे के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने के लिए आयोजित किया गया था। उपस्थित सभी पत्रकार साथियों और गणमान्य नागरिकों ने स्वर्गीय दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस श्रद्धांजलि सभा में शहर के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और गणमान्य नागरिक शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ साहित्यकार मिलिंद रोंघे, सुधांशु मिश्रा, दुबे परिवार से नूतन दुबे, पुनीत दुबे, राजेश दुबे, पत्रकार मंगेश यादव, राहुल शरण, पुनीत मालवीय, राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र राजपूत, प्रमोद पगारे, ब्रजमोहन सोलंकी आदि मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्व. प्रेम शंकर दुबे के पत्रकारिता के सिद्धांतों, उनके निडर लेखन और नई पीढ़ी के पत्रकारों को दिए गए मार्गदर्शन को याद किया।

## कसक गौर विधि मालवी को एथलेटिक्स पदक प्राप्त

**सिवनी मालवा 14 दिसंबर** सिवनी मालवा शासकीय कुसुम महाविद्यालय की खिलाडी कु कसक गौर ने 400 मी दौड में गोल्ड, 200 मी दौड में कांस्य पदक तथा विधि मालवी ने 800 मी. दौड में कांस्य पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय क्रीडा अधिकारी सोमेश कुमार राठोर ने बताया कि अंतर महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्राचार्य राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की। क्रीडा खेल कूद क्रीडा विभाग के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता का आयोजन जवाहर लाल नेहरू कॉलेज भोपाल द्वारा किया गया.

## बंदरिया के आतंक से ग्रामवासी भयभीत



**नवभारत न्यूज**

**हण्डिया 14 दिसम्बर** हरदा जिले की हण्डिया वन परिक्षेत्र में पिछले कई दिनों से एक लाल मुंह की बन्दरिया के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। अभी तक इस बंदरिया ने बच्चे सहित कई ग्रामीणों को अपना शिकार बनाया है मगर वन विभाग व स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा आतंक मचा रही बंदरिया को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रहीं। जिससे ग्रामीण जनों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण निलेश राय ने बताया है कि वन विभाग तथा स्थानीय ग्राम पंचायत को भी इस आतंकी बन्दरिया के संबंध में अवगत कराया गया मगर ना, तो वन विभाग इस ओर ध्यान दें रहा है और ना ही ग्राम पंचायत द्वारा बंदरिया को पकड़ने के लिए कोई प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक छोटे बड़े सहित कई बच्चे ग्रामीण घायल हो गए हैं.

## नेशनल लोक अदालत

### सिवनीमालवा न्यायालय में 79 प्रकरणों का हुआ निपटारा

# जीजा - साले के बीच 10 साल से चल रहा विवाद सुलझा

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 14 दिसंबर 2025,** शासन द्वारा लोक अदालत का आयोजन लोक हित मे करके समाज मे फैली वेमनस्यता को दूर करके लोगो के मनमुटाव को समाप्त कर आपसी भाईचारा स्थापित करना है। यह बात जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने न्यायालय परिसर मे साल की अंतिम आयोजित नेशनल लोक अदालत में कही। न्यायाधीश ने कहा कि जब तक किसी भी प्रकरण का न्यायालय में निराकरण नही होता है तब तक प्रकरण समाप्त नही हो पाता है। इसीलिए लोक अदालत में समझौता उपरांत पक्षकारो की सहमति से प्रकरणो का निराकरण किया जाता है। कार्यक्रम में न्यायाधीश सरोज डेहरिया, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा, विकास पाठक ने भी सम्बोधित किया।

न्यायालय में 79 प्रकरणो का निपटारा पक्षकारो के मध्य आपसी समझौता के बाद किया गया। जिला एवं और सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान न्यायाधीश सरोज डेहरिया और न्यायाधीश अंजली अग्रवाल के न्यायालय में वैवाहिक, आपराधिक, सिविल, मोटर दावा, चेक बाऊन्स के प्रकरणो का निपटारा किया गया। जिसमे तीनो न्यायालयों मे कुल 80 लाख 85 हजार 2 सो 49 रुपये का आदान प्रदान हुआ।

अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय मे 63 एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार न्यायालय मे 79 प्रकरणो मे समझौता उपरांत निराकरण किया गया।

न्यायालय में पिछले 10 साल से जीजा साले के मध्य चल रहे चेक विवाद में अधिवक्ता अजीत राजपूत एवं विनय सिम्पी द्वारा दी गयी समझाइस के बाद आपस मे राजीनामा किया। जिला एवं सत्र न्यायालय मे समझौता उपरान्त प्रकरण का निराकरण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती खान के न्यायालय मे दोनो ने एकदूसरे को फुल माला पहनाकर अपने गिले शिकवे भुला दिये। वही न्यायाधीश श्री मती खान ने दोनो को पौधा देकर उसके पोषण के लिए कहा। इसी तरह वर्षो से अलग रह रहे पति पत्नी के विवाद मे आपसी समझौता उपरांत प्रकरण का निराकरण कर समाप्त किया और पौधा देकर उसके पोषण का कहा। दोनो एक बार फिर एक दूसरे को फुल माला पहनाकर फिर से एक हो गये।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक

**पिपरिया** पेंशनर्स एसोसिएशन ने डीआर केन्द्रीय दर और तिथि से देने की मांग की। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक में मध्यप्रदेश सरकार से केन्द्रीय दर और तिथि से डीआर देने की मांग की तथा दो सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को संबोधित एसडीएम के माध्यम से 23 दिसंबर को सौपने का निर्णय लिया। मासिक बैठक अवसर पर जीपी मालवीय द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया।

इस दौरान योगेन्द्र पुरोहित,रतन नागवंशी, महेश पर्ते का स्वागत किया गया। अध्यक्षता जीपी मिश्रा व मुख्य अतिथि नारायण गिरी उपस्थित रहे संचालन केसी यादव,आभार जीपी मालवीय ने व्यक्त किया। योगेन्द्र पुरोहित ने नवगठित नर्मदापुरम शाखा को बधाई व शुभकामनाऐ दी पेंशनर हित में कार्य करने की सलाह दी।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**

**इश्तहार / प्रेस-विज्ञप्ति**

रा0प्र0क्र0 0056 अ-20 (3) वर्ष 2025-26

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमति दुर्गा गुप्ता पत्नि स्व0 राकेश गुप्ता निवासी वार्ड नं0 31, सुभाष चन्द्र रोड, आजाद नगर, इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109.110 म0प्र0 भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 17 प्लाट नं 60/3 रकबा 660 व0कु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में राकेश गुप्ता आ0 प्यारेलाल गुप्ता के नाम पर दर्ज है। राकेश गुप्ता आ0 प्यारेलाल गुप्ता का निधन दिनांक 19/03/2025 को हो गया है। अतः आवेदिका द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति पर वारसान हक में फौती आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 15/12/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोट- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी,इटारसी**